आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 26.02.2026 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेल अवीव में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।
- राज्यमंत्रिमंडल ने प्रदेश में मौन पालन नीति 2026 को मंजूरी दी।
- प्रदेश में 25 अप्रैल से जनगणना की शुरूआत, पहले चरण में होगी मकानों की गणना ।
- केंद्र सरकार किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए शीघ्र किसान पहचान पत्र जारी करेगी।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस्राइल के तेल अवीव में प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। श्री मोदी ने कहा कि उनकी मुलाकात बहुत अच्छी रही और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान प्रौद्योगिकी, जल संसाधन प्रबंधन, कृषि और मानव संसाधन विकास में सहयोग बढ़ाने के मुद्दे प्रमुख रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में हो रहे प्रमुख घटनाक्रमों पर भी गहन विचार–विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल की संसद 'नेसेट' को संबोधित किया। यह पहला अवसर रहा जब किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने इजराइल की संसद को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने एकजुटता का सशक्त संदेश दिया और आतंकवाद पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद कहीं भी हो, वह हर जगह शांति के लिए खतरा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत भी लंबे समय से आतंकवाद का दर्द झेलता आया है।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से पूरी ताकत के साथ निपटने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि इजरायल की तरह, भारत की भी आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त ना करने की नीति है, जिसमें किसी तरह का दोहरा मापदंड नहीं है। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे 1.4 अरब भारतीयों की ओर से शुभकामनाएं और मित्रता, सम्मान और साझेदारी का संदेश लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि यहूदी समुदाय भारत में उत्पीड़न या भेदभाव के भय के बिना निवास करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा समर्थित गाजा शांति पहल को क्षेत्र में "न्यायपूर्ण और स्थायी शांति" का मार्ग बताया।

## कुंभ मेला

कुंभ मेला 2027 को लेकर हरिद्वार के मेला नियंत्रण भवन में कुंभ मेलाधिकारी सोनिका ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ बैठक की। बैठक में संतों ने कुंभ में होने वाले गंगा स्नान सहित मेले के दिव्य व भव्य बनाने पर चर्चा की गई। कुंभ मेलाधिकारी सोनिका ने कहा कि अगले वर्ष हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ मेले को लेकर अखाड़ों व साधु–संतों के साथ बैठक की गई जिसमें कुंभ मेले के दिव्य व भव्य बनाने पर चर्चा की गई और साधु– संतों के सुझाव लिये गये। उन्होंने कहा कि बैठक में अमृत स्नान पर्वों पर भव्य पेशवाइयां निकालने का भी निर्णय लिया गया।

## मौन पालन को मंजूरी

मंत्रिमंडल ने प्रदेश में मौन पालन नीति 2026 को मंजूरी दे दी है। इसके तहत छह साल में 25 हजार किसान मौन पालन योजना से लाभान्वित होंगे। इसके तहत किसानों को 80 प्रतिशत सब्सिडी पर एक लाख 27 हजार मौन पालन बॉक्स दिए जाएंगे। छह साल के लिए 111 करोड़ की यह योजना तीन–तीन साल के लिए दो चरणों में चलेगी। योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण देने से लेकर बाजार तक उपलब्ध कराया जाएगा। विभागीय सचिव एनएन पाण्डेय ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य शहद उत्पादन के साथ ही फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

## राज्यमंत्रिमंडल की बैठक

सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्यमंत्रिमंडल की बैठक में 28 प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल ने प्रदेश में सेब उत्पादन को बढ़ावा देने और बागवानों को उन्नत प्रजाति के पौध देने के लिए सेब नर्सरी विकास योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना में 10 एकड़ तक नर्सरी लगाने पर 50 प्रतिशत और 10 एकड़ से ऊपर पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने जीएसटी में टैक्स वादों का शीघ्र निपटारा करने के लिए हल्द्वानी में एक अतिरिक्त राज्य पीठ स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने प्रदेश में दुष्कर्म और पोक्सो अधिनियम के लंबित अपराधों के शीघ्र निपटारे और सुनवाई के लिए देहरादून जिले के विकासनगर, ऊधमसिंहनगर के काशीपुर और नैनीताल जिला मुख्यालय में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना और पद सृजित करने की मंजूरी दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों को शामिल करने के साथ ही उत्तराखंड वन विभाग सर्वेक्षक सेवा नियमावली को भी मंजूरी दी।

**जनगणना 25 अप्रैल से**

प्रदेश में जनगणना के पहले चरण में मकानों की गणना 25 अप्रैल से शुरू होगी। प्रथम चरण की मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 25 अप्रैल से 24 मई तक करवाए जाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की ओर से जनगणना के पहले चरण की अधिसूचना जारी की गई। जनगणना निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मकान गणना के तहत 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक 15 दिन की अवधि में प्रदेश की जनता को स्व गणना का विकल्प भी दिया जाएगा। पोर्टल के माध्यम से वे स्व गणना में शामिल हो सकेंगे।

**नयार घाटी एडवेंचर फेस्टिवल**

पौड़ी जिले के बिलखेत में आज से नयार घाटी एडवेंचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 26 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले "नयार वैली एडवेंचर फेस्टिवल" का आयोजन जिला प्रशासन, पौड़ी गढ़वाल जिला और उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस फेस्टिवल के दौरान पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बलून, ट्रेल रनिंग व माउंटेन बाइकिंग जैसी साहसिक खेल गतिविधियां होंगी। फेस्टिवल में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों के भी लगाये जा रहे हैं। सा जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि आम जनता इस कार्यक्रम मे सहभागिता करने की अपील की है।

**वहीं** टिहरी जिले में 6 मार्च से होने वाले लेक फेस्टिवल को लेकर जिला प्रशासन और उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद तैयारियों में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी नीतिका खंडेलवाल ने बताया कि लेक फेस्टिवल के दौरान टिहरी झील में बोटिंग, गंगा नदी में राफ्टिंग, खैट पर्वत व अन्य ट्रैकिंग मार्गों पर साहसिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही देवप्रयाग स्थित रघुनाथ मंदिर के दर्शन, संगम तट पर गंगा आरती और योगाभ्यास भी कार्यक्रम भी होंगे।

**किसान पहचान पत्र**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए शीघ्र ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को लगभग एक लाख 92 हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।